मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 14.07.2025

थाना कछवा साइबर क्राइम टीम द्वारा पैसा दुगुना करने के नाम पर फ्राड की घटना से सम्बन्धित धनराशि ₹ 24,000/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस—

आवेदक प्रवीण चौबे पुत्र राजीव चौबे निवासी करहर गडौली थाना कछवा जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः 09.07.2025 को थाना कछवा के NCRP पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि पैसे पैसा दुगुना करने के नाम पर अज्ञात द्वारा ₹ 24,000/- की ठगी की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना कछवा की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना कछवां की पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान धनराशि को होल्ड कराते हुए शिकायतकर्ता के बैंक खाते में ₹ 24,000/- रुपये वापस कराए गये। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस एवं साइबर क्राइम टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

साइबर सेल टीम थाना कछवा-

1.अमरजीत चौहान, प्रभारी निरीक्षक थाना कछवा, मीरजापुर।

2.आरक्षी संजीत मौर्या साइबर सेल थाना कछवा, मीरजापुर।